# महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले | By Sanjay Chauhan |

महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले
शिव से मिलन का जतन थोड़ा कर ले

शिव के चरण बिन कहाँ है ठिकाना
छोड़ के शिव चरणों को और कहाँ जाना
शिव चरणों में नमन थोड़ा कर ले
महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले

कालों के काल महाकाल कहावे
दुख संकट महाकाल मिटावे
शिव दर्शन का जतन थोड़ा कर ले
महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले

सांझ सबेरे जो गुणगान गावे
महाकाल नैया उसकी पार लगावे
जीवन नैया हवाले तू कर दे
महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले

भक्त से बढ़कर भक्ति बड़ी है
महाकाल नाम में वो शक्ति बड़ी है
शिव नाम का तू जतन थोड़ा कर ले
महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले

महाकाल का तू भजन थोड़ा कर ले
शिव से मिलन का जतन थोड़ा कर ले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%a8-%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2/